प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.04.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

महावीर जयंती

आज महावीर जयंती है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों विशेष रूप से जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर अहिंसा व करूणा की मूर्ति थे, जिन्होंने अहिंसा परमो धर्म के संदेश से मानवता को नई राह दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षा हमें करूणामयी और सदभावपूर्ण विश्व की ओर ले जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को महावीर जयंती पर शुभकामनाएं दी है।

.................................................

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर कांग्रेस की गारंटियों पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेताओं से पूछा की वे बताएं कि सरकार ने कौन सी गारंटियां पूरी की हैं। अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ बिल को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इसके पास होने से वक्फ बोर्ड को होने वाली कमाई से मुस्लिम जनता का तेजी से विकास हो सकेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अभी तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा था, जिसे अब बंद कर दिया गया है। इस बीच अनुराग ठाकुर ने समीरपुर पहुंचकर अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को जन्मदिवस की बधाई दी।

.................................................

बिक्रम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में पिछले कुछ समय से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसमें राजनीतिक लोगों की भी मिली भगत है। बिक्रम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ऊना के पेखूवेला सोलर पावर प्लांट और शॉगटॉग हाईडल पावर प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सितम्बर 2024 में प्रदेश सरकार को आगाह किया था। अगर सरकार ने उनकी बात सुन ली होती तो आज विमल नेगी जिंदा होते।

बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया कि विमल नेगी मौत मामले में आरोपी हरिकेश मीणा और देशराज को प्रदेश सरकार बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि यदि विमल नेगी मौत मामले की सीबीआई जांच होगी तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की परतें खुल सकती हैं।

..................................................

कर्ण नंदा

भाजपा सोलन मंडल द्वारा आज सोलन में सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सदस्यता अभियान का मुख्य उदेश्य कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन–जन तक पहुंचाना है। कर्ण नंदा ने इस मौके पर प्रदेश सरकार पर भी राजनीतिक हमला बोला और कहा कि राज्य में माफिया राज चल रहा है और विकास कार्य ठप्प हैं।

..................................................

उद्यान उत्सव

राष्ट्रपति निवास मशोबरा 15 से 20 अप्रैल तक आम जनता के लिए राष्ट्रपति निवास में उद्यान उत्सव का आयोजन करेगा। राष्ट्रपति निवास के मैनेजर संजू डोगरा ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि उद्यान उत्सव में प्रवेश निशुल्क होगा और इस उत्सव के लिए राष्ट्रपति निवास सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति निवास में 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। संजू डोगरा ने आम जनता से अपील की है कि वे इस उद्यान उत्सव में पधारें और फूलों का आनंद लें।

..................................................